ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 16-07-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-07-16 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-07-17	2024-07-18	2024-07-19	2024-07-20	2024-07-21
वर्षा (मिमी)	2.0	4.0	4.0	3.0	1.0
अधिकतम तापमान(से.)	39.0	39.0	38.0	38.0	38.0
न्यूनतम तापमान(से.)	30.0	30.0	29.0	29.0	28.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	48	62	65	60	60
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	36	43	40	40	39
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	11	20	13	19	27
पवन दिशा (डिग्री)	176	221	197	216	225
क्लाउड कवर (ओक्टा)	5	7	8	5	7

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी दिनों में बादल छाए रहने के साथ हल्की वर्षा की सम्भावना है।

सामान्य सलाहकार:

17 से 21 जुलाई तक हल्की बारिश की संभावना है। खरीफ फसलों (मूँग, तिल, मोठ, बाजरा तथा ग्वार) की बुआई वर्षा को ध्यान में रखकर करनी चाहिए।

लघु संदेश सलाहकार:

जहां खेत में पर्याप्त नमी उपलब्ध हो वहां खरीफ फसलों की बुवाई करें। बुवाई से पहले बीजों को कवकनाशी और पी.एस.बी. कल्चर से उपचारित कर बुवाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
बाजरा	बाजरा की उन्नत किस्मों एम.पी.एम.एच-17, राज-171, एच.एच.बी-67(इम्प्रूड), आर.एच.बी-177, व एच.एच.बी-197 बुवाई करें । बुवाई के लिए चार किलो बीज प्रति हैक्टेयर प्रयोग मे लें।
मूँग	मूँग की बुवाई के लिए उन्नत किस्मों जी.एम.-4, जी.ए.एम.-5, जी.ए.एम.-6, आई.पी.एम.-02-03, तथा एस.एम.एल-668 की बुवाई करें ।बुवाई के लिए 15-20 किलो बीज प्रति हैक्टेयर लें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
ग्वारफली	ग्वार की उन्नत किस्मों जैसे आर.जी.सी.-936, आर.जी.सी-1033, एच.जी-2-20, आर.जी.सी-1038, आर.जी.सी-1031, आर.जी.सी-1017 व आर.जी.एम-112 की बुवाई करें ।
तिल	तिल की उन्नत किस्मों के बीज आर.टी-46, आर.टी-125, आर.टी-127, आर.टी-346 की बुवाई करें । बीज को ट्राइकोडर्मा विराइड 4 ग्राम या कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम + थायरम 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करना चाहिए।
रेंड़ी	अरण्डी की बुवाई हेतु दो अच्छी जुताई कर खेत तैयार करें तथा जी.सी.एच-4, जी.सी.एच-5, आर.एच.सी-1, डी.सी.एस-9 व जी.सी.एच-7 उन्नत किस्मों है। बुवाई हेतु 12-15 किलो बीज प्रति हैक्टेयर के लिए प्रयाप्त है। अन्तिम जुताई के समय 20 किलो नत्रजन व 20 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	आने वाले दिनों में बारिश की संभावना के कारण यदि पशु बाड़े में तथा पशु बाड़े के आसपास जल भराव हो सकता हैं जिससे मच्छर मक्खी का प्रकोप हो सकता है अतः खड़े पानी को निकलने की व्यवस्था करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	कुष्माण्ड कुल की सब्जियों में बुवाई के 25-30 दिन बाद 30 किलो ग्राम नत्रजन प्रति हैक्टेयर दें।